*यदि कोई मेरी सेवा करे, तो मेरे पीछे हो ले; और जहां मैं हूँ, वहाँ मेरा सेवक भी होगा यदि कोई मेरी सेवा करे, तो पिता उसका आदर करेगा।*

*अब मेरा जी व्याकुल है:...*

145 आप कहते है, “अच्छा वह मार्ग के अन्त मे आ रहा है, और आपको परेशानी है? ” इससे आप क्या सोचते है, जब कुछ महान आत्मिक घटित होता है, वह आपको परेशान करता है? ओह, प्रभु! ऊ–हां!

*अब मेरा जी व्याकुल है, इसलिये अब मैं क्या कहूँ? हे पिता मुझे इस घडी से बचा? नही, क्योंकि मै इसी कारण इस घडी को पहुंचा हूं।*

*हे पिता, अपने नाम की महिमा कर, “तब यह आकाशवाणी हुयी” मैने उसकी महिमा की है, और फिर भी करूँगा।*

*तब जो लोग खडे हुये सुन रहे थे, उन्होंने कहा... कि गर्जना हुई...*

146 तब, जब मेम्ने ने पुस्तक ली और पहली मोहर तोडी परमेश्वर अपने अनन्त सिंहासन से बोला, कहने को कि वह मोहर प्रकट होने के लिये क्या थी। परन्तु जब यह यूहन्ना के सामने रखी गयी तो यह एक प्रतीक में थी। जब यहून्ना ने यह देखा, यह अब भी एक भेद था। क्यों? यह उस समय मे भी प्रकट नही की गयी, यह तब तक प्रकट नही की जा सकती थी, जो इसने यहां कहा, “अन्त के समय में।” परन्तु यह एक प्रतीक में आती है।

147 जब “गर्जन हुयी।” स्मरण रखे, एक धमाके का शोर में, एक गर्जन परमेश्वर की आवाज है। यही जो बाइबल कहती है, देखिये, “एक धमाका गर्जन का।” उन्होंने सोचा यह गर्जन थी, परन्तु यह परमेश्वर था, वह यह

समझ गया क्योंकि यह उस पर प्रकट किया गया था। समझे? यह एक गर्जन थी।

148 और ध्यान दे, पहली मोहर खुल गयी। पहली मोहर, जब यह प्रतीक के रुप में खुली गर्जन हुयी। अब इस विषय में क्या है, जब यह वास्तविक रुप में खुली? ओह... जैसे ही मेम्ने ने मोहर खींच कर खोली और इसने क्या प्रकट किया? अपने आप में सब नही। यह परमेश्वर के पास है; अगला, यह प्रतीक मे है; तब यह प्रकट हुयी। तीन चीजे। समझे? यह सिंहासन से आ रहा है।

149 पहला, यह देखी, सुनी या कुछ नही की जा सकती है। यह मोहर बंद है, मेम्ने के लहू ने दाम चुकाया है।

150 जब वह बोला तो गर्जन हुयी। और जब उसने यह किया, एक सफेद घोडे पर घुडसवार निकला और यह अब भी प्रतीक में है। अब ध्यान दे, उसने कहा, इसे अन्त के दिन में जाना जायेगा। परन्तु यह कलीसिया के प्रतीक में आता है। कलीसिया, क्या आप यह समझते है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] यह कलीसिया के प्रतीक में आगे आता है, कि वे जानते है कि वहां एक मोहर है। परन्तु, यह अब भी क्या है, वे नही जानते क्योंकि यह सफेद घोडे का सवार है।

151 और यह अन्त के दिन में प्रकट होने के लिये है, जब यह वास्तविक मोहर तोडी गयी। किस के लिये तोडी गयी? मसीह के लिये नही, परन्तु कलीसिया के लिये। अब ध्यान दे, ओह! प्रभु! यह मुझे थरथरा देता है! मैं—मैं—मैं आशा करता हूँ कि कलीसिया इसे सच में समझती है, कि मेरा आप लोगो से क्या अर्थ है, मैं आपको दुल्हन कह कर पुकारने जा रहा हूं, देखिये की आप इसे समझ लेंगे।

152 गर्जन एक आवाज है। आवाज कहां से आयी? सिंहासन से, जहां मेम्ना एक बिचवाई करनेवाले की तरह से हटा। अब वह यहां खडा है कि अपना स्थान ले और अपने दावो को। परन्तु गर्जन सिंहासन के अन्दर की ओर से आयी, गर्जन हुयी। और मेम्ना वहां बाहर खडा था। गर्जन, जहां से मेम्ना हटा। पिता के सिंहासन को छोडा कि जाकर अपना सिंहासन ले, महिमा हो! अब, मित्रों, अब इसमे ना चूके।

153 एक मसीही के समान हम सब जानते है, कि परमेश्वर ने दाऊद से शपथ खाई, कि वह मसीह को उठायेगा ताकी उसके सिंहासन पर बिठाये और उसे एक अनन्त राज्य दे इस पृथ्वी पर दे। उसने इसे किया।

154 और यीशु ने कहा, “वह जो मसीह विरोधी पर जय पाये, और संसार की सारी चीजो पर, वह मेरे साथ मेरे सिंहासन पर बैठेगा, जैसे मैं जो जय पाकर अपने पिता के सिंहासन पर बैठ गया।” समझे?

155 अब, वह किसी दिन पिता के सिंहासन से उठेगा, और जाकर अपने सिंहासन को लेता है।

156 अब वह अपने लोगों को बुलाने के लिये आता है। वह उनका दावा कैसे करने जा रहा है? छुटकारे की पुस्तक पहले ही उसके हाथ में है। महिमा हो! ओह, मेरा भजन गाने को मन कर रहा है।

> जल्द ही मेम्ना अपनी दुल्हन को सदा के लिये अपने
>   साथ के लिये ले लेगा
> स्वर्ग की सारी सेना जमा होगी (इसे देखने को);
> ओह, यह एक शानदार दृश्य होगा, सारे संत बेदाग;
> सफेद और यीशु के साथ अनन्त उत्सव में।

157 ओह, प्रभु! “स्वर्गीय स्थानो में बैठने के विषय में बाते करते है”? यह क्या होगा! यदि हम यहां पृथ्वी पर बैठे हुये इसी प्रकार अनुभव करे, इसके पहले कि उठा लिया जाना हो, इस स्थिति में जिसमें हम अब है; और हम आनन्दित हो सकते है, और दीवारो के साथ लग कर खडे होते है, और वर्षा में खडे होते है, बस यह सुनने के लिये; क्या होगा जब हम उसे वहां बैठे देखेगे! ओह! प्रभु! ओह, यह महिमामय समय होगा।

158 पिता का सिंहासन छोड कर सामने आया कि... उसका पुत्र होने... वह दाऊद का पुत्र है। यही जो इस्राएल ने सोचा, कि वह तब करेगा, सरुफीनी स्त्री को। याद रखे, कहा, “तू दाऊद का पुत्र!” अंधे बरतुलमई को याद रखे, “तू दाऊद की संतान!” और यीशु को मालुम था कि योजना क्या थी, जब की वे नही जानते थे। उन्होंने उसे बाध्य करने का यत्न किया। और कि वह सिंहासन ले ओर यहां तक की पिलातूस ने उस से पूछा।

159 परन्तु उसने कहा, “यदि मेरा राज्य इस संसार का होता तो मेरे लोग लडाई करते, मेरा राज्य ऊपर है।” परन्तु उसने कहा, “जब तुम प्रार्थना करो, तो प्रार्थना करो, ‘तेरा राज्य आये, तेरी इच्छा इस पृथ्वी पर

पूरी हो, जैसे यह स्वर्ग में होती है।'" आमीन। ऊ–हूँ! यह चीज कितनी महिमामय है!

160 अपना सिंहासन लेने के लिये, पिता का सिंहासन छोडा। अब वह अपने बिचवाई के कार्य से बाहर आ गया, कि अपने सिंहासन का दावा करे, अपने छुडाये हुये लोग। इसे करने के लिये वह सिंहासन से आया। तब यह सिंह के समान, जानदार, यूहन्ना को कहा गया, "आ और देख।" ध्यान दे, क्या आप इसे पढ रहे है?

> *... उन सात मोहरो मे से एक को खोला; और... उन चारो प्राणियो में से एक का गर्जन का सा शब्द सुना...*

161 आप जानते है प्राणी क्या थे, हम उन्हे ले चुके, "एक सिंह के समान, एक बैल के समान, और एक मनुष्य के समान; और एक उकाब के समान।" अब पहले प्राणी ने कहा... ध्यान दे, हर बार एक अलग प्राणी, जब तक वे चार घुडसवार निकले। वहाँ चार प्राणी है, और वहां चार घुडसवार है।

162 ध्यान दे, उन में से प्रत्येक प्राणी घोषणा करता है। मत्ती, मरकुस, लुका और यूहन्ना। हम इसे फिर लेने जा रहे है और प्रमाणित करेगे, कौन सा मत्ती, मरकुस, कौन सा मरकुस—मरकुस, कौन सा वाला यूहन्ना, प्रत्येक जैसे के वे गये!... ? ...

> *... उन में से... एक प्राणी ने कहा, आ... देख...*

163 उसने गर्जन का शोर सुना। और उन मे से एक प्राणी ने कहा, "अब आ, देख।"

164 अब दूसरे शब्दों में, *यहाँ* मेम्ना खडा है और यूहन्ना वहाँ खडा हुआ घटित होते देख रहा है। मेम्ना सिंहासन से आता है, जैसे कि वह घात किया गया था, उसके सारे में लहू है। केवल वही मिला जो योग्य था और जब वह वहां पहुँचा और पुस्तक को लिया, वह हर चीज चिल्लाने लगी और चीखने और चलता रहा, आप, देखते है, क्योंकि वे जानते है कि छुटकारे का भुगतान हो गया था।

165 अब वह अपनो का दावा करने आ गया। इसलिये वह पुस्तक को ले लेता है और युहन्ना के सामने खडा होता है वह इसे पीछे की ओर खीचता है और मोहर को तोडता है। मोहर को नीचे की ओर खीचता है! और जब वह मोहर को नीचे खीचता है तो उस स्थान में गर्जन होती है। और जब

गर्जन गरजी, तो कोई सन्देह नही यूहन्ना हवा में उछल गया, जब गर्जन की गर्जना हुयी।

166 और तब चारो प्राणीयों में से एक ने कहा, "अब आ, देख यह क्या है, यहाँ इसके नीचे क्या प्रकट हुआ।" ओह, प्रभु! "यूहन्ना जो तूने देखा उसे लिख ले।" इसलिये यूहन्ना देखने के लिये जाता है कि यह क्या था। यूहन्ना देखने के लिये जाता है कि गर्जन ने क्या कहा, ये तब कि इस प्राणी ने यूहन्ना को बताया, "आ देख कि पहली मोहर के नीचे कौन सा भेद है।" [भाई ब्रन्हम पुलपिट को चार बार खटखटाते है—सम्पा।] गर्जन रचियता की आवाज ने बोला। अब, उसे जानना चाहिये कि वहां क्या है। देखा? ओह, प्रभु! परन्तु अब सोचिये, उसने यह लिखा।

167 परन्तु जब उसने वह दूसरे सात गर्जन लिखने आरम्भ किये, उसने कहा, "इसे मत लिख।" उसे हर चीज जो उसने देखी लिखने का अधिकार दिया गया था। परन्तु जब ये सात गर्जनाये प्रकाशितवाक्य 10 मे बोली, उसने कहा, "इन्हे बिल्कुल मत लिख।" ये भेद हैं, हमे अब भी नही मालुम कि ये क्या है परन्तु मेरे दृष्टिकोण, वे बाद में प्रकट होगी और जब यह होता है, तो यह उठा लिये जाने के अनुग्रह के लिये विश्वास देगा, उस कलीसिया के लिये कि चली जाये। समझे?

168 हम हर चीज हो कर निकले है जो हम जानते है, उन सारी व्यवस्थाओं में से, हमने हर चीज पर ध्यान किया, हमने परमेश्वर के भेदो को देखा। हमने दुल्हन के महान एकत्र होने के प्रगटीकरण को देख लिया, इन अन्त के दिनों में। परन्तु अब भी उसमें कुछ है जिस पर हम अपने से प्रकाश नही डाल सकते। इसमे कुछ और है।

169 परन्तु मै कल्पना करता हूँ, जब यह भेद सामने आने लगते है, परमेश्वर ने कहा, "अब इसे रोक ले, एक मिनट रुको मै इसे उन दिन में प्रकट करूंगा, इसे बिल्कुल भी मत लिख यूहन्ना क्योंकि इस पर लडखडा जायेगे, बस—बस इसे जाने दे, देखिये। परन्तु मै इसे उन दिन में प्रकट करूँगा, जब इसे करने कि आवश्यकता होगी।"

170 वे बिना किसी बात के लिये कभी नही बोले, स्याही की छोटी बूंद को याद रखे, हर चीज का उद्देश्य है, हर चीज का कारण है। परन्तु ध्यान दे, रचियता बोला। और उसने—उसने यह आवाज सुनी और वह देखने को गया।

171 परन्तु अब मेम्ना यूहन्ना को दिखा रहा है, कलीसियायी वचन के प्रतीक में... जैसे कलीसिया को जानना है, क्या लिखना है, उसने बस उसे दिखा दिया। कहा, "अब इसे ना बता कि यह क्या है, यूहन्ना नीचे जाकर मत कह कि अब यह जो है वह क्या है, इस सातवी मोहर के नीचे। नीचे जाकर मत बता। क्योंकि यदि मैं यूहन्ना को यह बताता हूँ, तो उन सारे बीते युगो की योजना टूट जायेगी। यह एक भेद है।" समझे? वह बस चाहता है... उसका आगमन! उसने कहा, "अब और कोई यह जानने नही जा रहा है कि मैं कब आ रहा हूँ।" समझे? समझे? बस यही है, यह मेरा काम नही है कि जानू कि कब, मैं बस तैयार रहूँगा, आप देखिये। इसलिये तब उसने कहा...

अब यूहन्ना आगे बढा, उसने सोचा, "अब मैं यह देखने जा रहा हूँ।"

172 अब उसने क्या किया, जब यूहन्ना आगे बढा? अब वह, उसे अब क्या करना ह? अब इसे कलीसिया काल के लिये लिखना है। उसे यही करना चाहिये, कि कलीसिया कालों को लिखे, "सात सुनहरे चिराग दानो में जो तू देखता है वह लिख, आरम्भ में इस कलीसिया को लिख और उन्हे बता।" ठीक है।

173 और गर्जन हुयी। यूहन्ना को मालूम था, यह परमेश्वर की आवाज है। और तब उस—उस सिंह के समान प्राणी ने कहा, "आ देख यह क्या था।" और अब यूहन्ना आगे बढा, अपनी कलम के साथ जिससे वो लिखे, कि वह जो भी देखने जा रहा है।

174 अब उसने कभी नही देखा कि यह सही में क्या था। वह इसे कभी नही समझा। परन्तु जो उसने देखा, जो परमेश्वर कलीसिया के लिये "एक समय के लिये" भेज रहा था। अब उसे मिला... वह करेगा; वह सदा करता है; वह इसे स्पष्ट करता है, जब इसे स्पष्ट करने का समय आता है। परन्तु उसने इसे तब स्पष्ट नही किया था। क्या? क्योंकि वह इसे अन्त के काल तक छिपा के रखना चाहता था। और अन्त के दूत के सन्देश देने के दिनों में, वह सारे भेदों को समेट लेगा। समझे?

175 इसे स्पष्ट नही किया। परन्तु जो यूहन्ना ने देखा, उसने बस देखा, "एक सफेद घोडा बाहर गया, उसके सवार के साथ," इसलिये उसने जो लिखा, देखिये, जब उसने किया।

यही जो उसने कहा, "आ देख।"

176 इसलिये यूहन्ना देखने को गया जो वह देख सका, कि कलीसिया को लिखे। और जब किया, उसने देखा, “एक सफेद घोडा और वह जो उस पर बैठा था उसके पास एक कमान थी; और वह जय प्राप्त करता हुआ निकला कि जय प्राप्त करे; और उसे एक मुकुट दिया गया था।” और अब यूहन्ना ने बस यही देखा, इसलिये उसने लिखा, वह सारा का सारा लिखा। अब देखिये, यह प्रतीक में है। इसी प्रकार से कलीसिया ने यह प्राप्त किया।

177 परन्तु प्रतिज्ञा के साथ और अन्तिम दिन में वह इसे प्रकट करेगा, दिखा कि यह क्या है। परमेश्वर इसे समझने में हमारी सहायता करे। कलीसियायी काल, परन्तु यह तब तक पूरी रीति से नही जाना गया, जब तक सातवां दूत इस अन्तिम कलीसिया। ध्यान दे, वह आरम्भ करता है...

178 सातवी कलीसिया काल का यह दूत, यदि आप इस पर ध्यान देते है, वह कोई नामधारी आरम्भ नही करता है, जैसे उन बाकीयों ने किया। स्मरण रखे, यदि वह आरम्भ नही करता... नही, यदि आप ढूढेगे तो वह इसके विरोध में है। क्या एलिय्याह, क्या एलिय्याह इसके विरोध में था? निश्चय ही, वह था, क्या यूहन्ना इसके विरोध में था, एलिय्याह के आत्मा के साथ?

179 एलिय्याह पर किस प्रकार का आत्मा था? वह... उसके विषय में कोई भी अधिक नही जानता। वह बस एक मनुष्य था, परन्तु वह एक भविष्यद्वक्ता था। उससे घृणा की गयी। ओह! प्रभु! और किस समय वह उठा? ठीक इस्राएल की लोकप्रियता के समय में जब वे सारे संसारिक हो गये थे, और इसने उसे वहां लिया, और वह एक “स्त्री से घृणा करनेवाला था।” ओह, जी हाँ श्रीमान। निश्चय ही वह था। और उसने बीहड को पसन्द किया, यह उसका स्वभाव था।

180 तब उन लोगो को मालूम होना चाहिये था, कि वह व्यक्ति उसी आत्मा के साथ कब बाहर निकल कर आता है, यह यूहन्ना है। लोकप्रिय लोगो जैसी वेशभूषा नही, जैसा कि मैने बीती रात्रि में कहा; वे बालको को चूमते, और विवाह और गाडते और आदि–आदि। परन्तु यह मनुष्य जंगल से निकल कर आया। वह क्या था? उसने जंगल से प्रेम किया, दूसरी चीज जो उसने की उसने नामधारी से घृणा की। उसने कहा, “अब तुम यह ना कहो, कि

हम *इस* से या *उस* से जुडे हुये है, क्योंकि मैं तुम्हे बताऊंगा कि परमेश्वर योग्य है कि इन पत्थरो से अब्राहम के लिये सन्तान उत्पन्न करे।"

181 वह समझौता करनेवाला नही था, वे नही सके... कहा, "क्या तुम हवा से हिलते हुये सरकण्डे को देखने गये थे? यूहन्ना को नही।" नही श्रीमान।

182 उसने और भी क्या किया? एलिय्याह के समान जिसने इजाबेल से कहा, उसने हिरोदेस से कहा, सीधा हिरोदेस के सामने गया और कहा, "उसे रखना, यह व्यवस्था के विरुध है।" उसने उसका सिर कटवा दिया, इस बात के लिये। समझे? उसने एलीशा को पकडने को यत्न किया, वही आत्मा जो ईजाबेल में थी, इस स्त्री में थी।

183 और वही चीज आज ईजाबेल की कलीसिया में है, वही चीज। अब इस पर ध्यान दे, हम यह क्या ही महान शिक्षा पाते है!

184 और अब, ऐसा लगता है यह लोग जान गये। यूहन्ना ने उन लोगो पर चिल्लाना शुरु कर दिया, और वहां खडा है, लगता है, वे समझ गये होंगे कि यह एलीशा का आत्मा है। उन्हे यह समझ जाना चाहिये। यही, जो वह था।

185 अब, और हम पाते है और कलीसिया कालो में होते हुये है वचनानुसार, जिसकी हमसे प्रतिज्ञा की गयी है, उस आत्मा की वापसी अन्त समय के जरा से पहले है। यह सत्य है? [सभा "आमीन" कहती है।]

186 अब, और ध्यान दे, आप इसके स्वभाव पर ध्यान दे, वह दूसरा कलीसिया युग आरम्भ नही करेगा, जैसे लूथर और वेसली और उन सब बाकी लोगों ने किया। वह कोई दूसरी कलीसिया आरम्भ नही करेगा, क्योंकि अब आरम्भ करने के लिये और कोई कलीसिया युग नही है। समझे? और कोई नही है, इसलिये उसे इसके विरोध में होना चाहिये क्योंकि उसकी आत्मा बिल्कुल वैसी ही होगी जो पहले हुये थे, वही आत्मा।

187 और जैसा की मैने बीती रात्रि कहा, कि परमेश्वर को अच्छा लगा कि इसे तीन अलग समयों में इसे प्रयोग करे कि उसका अंक तीन है, ना कि दो; तीन। दो बार पहले उपयोग कर चुका, अब वह इसे फिर से उपयोग में लाने जा रहा है। उसने ऐसा कहा है, यह प्रतिज्ञा दी है। अब ध्यान दे, वह...

188 अब ध्यान दे, जब उसने किया, वह कोई नामधारी आरम्भ करने नही जा रहा है क्योंकि लौदेकिया कलीसिया काल अन्तिम काल है। और सांतवे

दूत का सन्देशवाहक जो कि सातवा सन्देशवाहक है, सातवी कलीसिया काल के लिये, वह व्यक्ति है जो कि पवित्र आत्मा के द्वारा प्रकट करने जा रहा है, यह सारी भेद भरी बाते। यह होने जा रहा है... गत रात्रि कितने यहां पर थे? आपके हाथ देखूं, मै समझता हूँ, तब तो मुझे यह पढना नही पडेगा। आप जानते है कि यह कहां पर है 10 वे अध्याय में, देखिये। ठीक है। ठीक है।

189 सुधारक गिरी हुयी कलीसियायी युग को सुधारने आये उन पिछले वालो को और फिर उन सुधारको के आने के बाद और कलीसिया युग को, जहां वे थे, और संसार में चले गये थे, तब उन्होंने नया कलीसिया युग आरम्भ किया, उन्होंने सदा यही किया, सदा, अब हम इस से होकर निकले। समझे?

190 दूसरे शब्दों में, *यहाँ* एक केथोलिक कलीसिया युग था, रोमन केथोलिक कलीसिया, इसके साथ लूथर आया, एक सुधारक, वह एक सुधारक कहलाया। और वह क्या करता है? वह ललकारना शुरु करता है और जब वह करता है, वह कलीसिया का विरोध करता है, और पहली बात आप जानते है, वह क्या करता है? वह उसी चीज को बनाता है, जिसे निकालने के लिये वह बाहर आया, दूसरी कलीसिया से।

191 तब उनके पास दूसरा कलीसिया काल हुआ। तब, पहली बात आप जानते है, यहां आती है... कलीसिया युग इतनी गडबडी है। जॉन वेसली आता है, दूसरा सुधारक, देखिये दूसरा कलीसिया युग बनाता है। समझे मेरा क्या अर्थ है? दूसरा कलीसिया युग बनाया गया, वे सब सुधारक है।

192 इस अन्तिम सन्देश पर ध्यान दे, इस अन्तिम कलीसिया युग के, यह सुधारक नही है, वह एक भविष्यद्वक्ता है, सुधारक नही, मुझे दिखाये कभी भविष्यद्वक्ता ने कलीसिया युग आरम्भ किया। वह सुधारक नही है। वह एक भविष्यद्वक्ता है।

193 दूसरे सुधारक थे, परन्तु भविष्यद्वक्ता नही, यदि वे होते, तो प्रभु का वचन भविष्यद्वक्ता के पास आता है। यही कारण है कि वे पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा के बप्तिस्मे पर निरन्तर बने रहे, और वे सारी चीजे, क्योंकि वे सुधारक थे ना कि भविष्यद्वक्ता। परन्तु फिर भी वे परमेश्वर के महान पुरुष थे, जिस दिन वे जीये, उस दिन कि आवश्यकता को देखा, और परमेश्वर ने उनका अभिषेक किया और उन्हे भेजा गया कि उन चीजों के टुकडे कर

दे, परन्तु परमेश्वर का पूर्ण वचन उनके पास कभी नही आया, क्योंकि वे भविष्यद्वक्ता नही थे। वे सुधारक थे।

194 परन्तु अन्त के दिनों में, इसे भविष्यद्वक्ता ही होना है, कि परमेश्वर के भेदो को ले, इसे वापस लाये, क्योंकि भेद केवल भविष्यद्वक्ताओं पर प्रकट किये गये थे, इसलिये इस व्यक्ति को ही आना था, देखा, मेरा क्या अर्थ है, अब? वह सुधारक नही हो सकता, उसे भविष्यद्वक्ता ही होना चाहिये, क्योंकि यह कोई होना चाहिये। जो वरदान पाया हुआ हो और वहां हो, जो वचन को पकडता है।

195 अब उन सुधारको को मालूम था कि कुछ गडबड थी लूथर यह जानता था, कि वह रोटी मसीह की देह नही थी। और इसलिये उसने प्रचार किया, "धर्मी जन विश्वास के द्वारा जीवित रहेगा," और यह उसका सन्देश था। और जब जॉन वेसली साथ–साथ आया, उसने देखा कि वहां पवित्रीकरण था, इसलिये उसने पवित्रीकरण प्रचार किया, यह उसका सन्देश था। समझे? पेंटीकोस्टल पवित्र आत्मा का सन्देश ले कर आये और आदि–आदि।

196 परन्तु इस युग के अन्त के दिनों में, सन्देशवाहक कोई सुधार आरम्भ नही करेगा, परन्तु सारे भेदो को ले कर जो उन सुधारको ने छोड दिये थे, और उन्हे एकत्र करके उन लोगो के लिये हल कर दिये, मै इसे फिर से पढ दूं, यह सुनने में मुझे अच्छा लगता है! मैं—मैं इसे पढना पसन्द करता हूं...

*... फिर मैने एक और शक्तिशली स्वर्गदूत को बादल ओढे हुये स्वर्ग से उतरते हुये देखा... उसके सिर पर मेघधनुष... था, उसका मुंह... सूर्य के समान और उसके पांव आग के खम्बे के समान थे;*

197 अब हमने वही चीज देखी, जो की मसीह था, और हम जानते है मसीह सदा कलीसिया का सन्देशवाहक है, ठीक है, वह आग का खम्बा कहलाता है, वाचा का दूत और आदि।

*और उसके हाथ में एक छोटी सी खुली हुयी पुस्तक थी...*

198 और यहां पर मोहरे तोडी गयी, अब हम उन्हे तोड रहे है परन्तु यह, चीज खुली है।

*उसने अपना दाहिना पांव समुद्र पर और बांया... पृथ्वी पर रखा,*

*और ऐसे बडे शब्द से चिल्लाया... जैसे सिंह गरजता है और जब वह चिल्लाया तो गर्जन के सात शब्द सुनाई दिये* (ओह, पूरा!)

*जब गर्जन के सातो शब्द सुनाई दे चुके, तो मैं लिखने पर था, पर मैने स्वर्ग से यह शब्द सुना* (परमेश्वर)*जो बाते गर्जन के उन सात शब्दो से सुनी है उन्हे गुप्त रख और मत लिख* (समझे? )

*जिस स्वर्गदूत को मैने समुद्र और पृथ्वी पर खडे देखा था, उसने अपना दाहिना हाथ स्वर्ग की ओर उठाया।*

*और जो युगानुयुग जीवता है और जिसने स्वर्ग को और जो कुछ उसमें है और पृथ्वी को जो कुछ उस पर है और समुद्र को जो कुछ उसमें है सृजा, उसी की शपथ खा कर कहा "अब तो और देर ना होगी।"*

199 ध्यान दे! अब इसे भूले ना, जैसा कि हम आगे बढते है।

*वरन सातवे स्वर्गदूत के तुरही फूकने पर होने वाले शब्द के दिनों* (दिनों) *में...*

200 यह अन्तिम दूत है, पृथ्वी का दूत। *यह* स्वर्गदूत स्वर्ग से नीचे आता है, परन्तु वह यहां सातवे दूत की आवाज के विषय में बोल रहा है, जो कि एक ... दूत का अर्थ है "सन्देशवाहक" कोई भी यह जानता है, कलीसियायी युग के लिये संदेशवाहक।

*... सातवे दूत के तुरही फूंकने पर होने वाले शब्द के दिनों में परमेश्वर का गुप्त मनोरथ* (सात मोहरे, सारे भेद) *उस सुसमाचार के अनुसार जो उसने अपने दास भविष्यद्वक्ताओं को दिया पूरा होगा।*

201 समस्त भेद खोल दिया। यह उस दूत कि सेवकाई है। समझे? सादगी में, लोग इसके ऊपर गिर पडते है। परन्तु, फिर भी, यह सिध्दता में प्रमाणित होगा, यह बिल्कुल सही जाना जायेगा। समझे? हर कोई जो देखना चाहता है इसे देख सकता है। समझे? यह ठीक बात है। परन्तु वे...

202 यीशु ने कहा, जैसा कि उसने कहा, जब वह आता है, कहा, "तुम्हारे आंखे है और देख नही सकते। यशायाह ने कहा, तुमने किया। समझे? तुम्हारे कान है, और तुम सुन नही सकते।" अब इसलिये हम पाते है...

203 इसने मुझे डरा दिया। मैने उस घडी की ओर देखा और मैने सोचा कि यह दस बजे थे। परन्तु यह मैं—मैं... यह तो नौ भी नही अब तक। ठीक है। ओह, प्रभु! आईये इसे अब लेते है। ध्यान दे। मैं इस से प्रेम करता हूँ।

204 दूसरे सुधारक, परन्तु परमेश्वर महान लोग होने के नाते, उस दिन की आवश्यकता को देखा, और सुधार ले कर आये।

205 परन्तु प्रकाशितवाक्य 10 ने कहा कि उसका सन्देश प्रकट होना था, ना कि सुधार; भेदो को प्रकट करता है, भेदो को प्रकट करता है! यह वचन मनुष्य में है। इब्रानी 4 ने कहा, कि "परमेश्वर का वचन दोधारी तलवार से भी तेज है, हड्डी के आरपार भी छेदता है और ह्दय के भेद को प्रकट करता है।" समझे? यह पुरुष सुधारक नही है यह प्रकट करनेवाला है (किसका? ) परमेश्वर के भेद जहां कलीसियाये बंधी हुयी है और आदि–आदि, उसे परमेश्वर के वचन के साथ आना है और चीजों को प्रकट करना है।

206 क्योंकि, उसको "बालको के विश्वास को लौटाना है, वापस पूर्वज पर।" मूल बाइबल के विश्वास पर सातवे दूत के द्वारा वापस लाना। अब, ओह, मुझे यह कितना पसन्द है! मोहरो के सारे भेद और सुधारक इसे कभी भी पूरी रीति से नही, समझे! समझे? अब मलाकी 4 को देखे बस एक मिनट, भाई आप इस पर निशान लगा ले वह एक भविष्यद्वक्ता है, "और पूर्वजो का मूल विश्वास वापस लाना।" अब हम उस व्यक्ति की दृश्य पर प्रकट होने की राह देख रहे है। वह इतना नम्र होगा कि दस लाख के दस लाख गुना लोग... वहाँ एक छोटा सा झुण्ड होगा जो यह समझेगा।

207 अब आपको याद है, उस दिन, यूहन्ना को आकर भविष्यवाणी करनी थी एक दूत मसीह के आगे आता है, "जंगल में पुकराने वाले का शब्द हो रहा है।" मलाकी ने उसे देखा। मलाकी का तीसरा अध्याय देखे एलिय्याह का आगमन है, जिसे की मसीह के आगमन के आगे आना था।

208 आप कहते है, "ओह नही, नही, भाई ब्रन्हम यह 4 था अध्याय है।" मुझे क्षमा करे।

209 यीशु ने कहा यह तीसरा अध्याय है। अब ले... अब आप संत मत्ती का 11 वा अध्याय ले 6 वा पद, वह—वह यह कहेगा 11 वा—11 वा अध्याय, मैं विश्वास करता हूँ यह 6 वां पद है; चौथा, पांचवा या छठा, यही कही। उसने कहा, "यदि तुम इसे ग्रहण कर सकते हो," जब वह

यूहन्ना के विषय में बाते कर रहा है यही वह है जिसके विषय में बोला गया, "'मैं अपने दूत को अपने आगे–आगे भेजुंगा।'" अब मलाकी तीन पढे, कुछ लोग इसे मलाकी चार पर लागू करना चाहते है। नही, श्रीमान, यह वह नही है।

210 ध्यान दे, मलाकी 4, जैसे वह दूत आगे–आगे जाता है, संसार पूरी रीति से जल गया और धर्मी सहस्त्रशताब्दी में आते है, उनकी राख पर। इसलिये आप देखिये, यदि आप उसे पीछे रखेगे तो—तो बाइबल कुछ बताती है, जो कि ऐसा नही था। हमारे पास दो हजार वर्ष थे और संसार अब तक नही जला और धर्मी इसमे रह रहे है, इसलिये यह भविष्य ही में होना है। ओह, प्रभु! [भाई ब्रन्हम ताली बजाते है।—सम्पा।]

211 यदि आप यहां प्रकाशितवाक्य में लेते है और देखते है कि दूत को इस युग के अन्त में क्या करना चाहिये, तब आप देखेगे कि यह क्या है, उसे एक भविष्यद्वक्ता होना चाहिये। उसे यह छोर समझने है, जिन्हे वे सुधारक नही देख पाये और इसे वहां रखा।

212 कैसे मत्ती 28:19 की प्रेरितो के काम 2:38 से तुलना की जा सकती है, बिना परमेश्वर के प्रकाशन के? कैसे यह लोग कह सकते है कि आश्चर्यकर्मो के दिन बीत गये और इस प्रकार की बातें और (हुँह!) बिना परमेश्वर के प्रकाशन के? केवल एक ही मार्ग जो कभी वे जान सके जाने कि चाहे यह सही या गलत है। समझे? परन्तु वे धर्म बिद्यालयों से होकर आये है, मैं आशा करता हूँ कि हमारे पास समय है कि इसमे जाये।

213 मै जल्दी करना चाहता हूँ, क्योंकि मैं आपको सप्ताह भर से अधिक नही रोकना चाहता, आप जानते है, कि मेरा कया अर्थ है, यह इन मोहरो का खुलना। मेरे पास एक दिन है, और उस दिन मैं बीमारो के लिये प्रार्थना करना चाहता हूँ, यदि कर सका।

214 अब मलाकी 4 को देखे, वह एक भविष्यद्वक्ता है, "और पूर्वजो का मूल विश्वास वापस लाता है।"

215 अन्त के समय में जब पीडा का समय आता है... अब यहां एक छोटी चीज है हम उसे उल्टा करने जा रहे है, एक मिनट, वे साढे तीन वर्ष कहां है... या दानिय्येल के 70 सप्ताह, दानिय्येल के 70 सप्ताह का अन्तिम आधा, जो की साढे तीन वर्ष है। अब हम में से कितनो को याद है, उस कलीसियायी कालो से? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] समझे?

“वहां 70 सप्ताह ठहराये गये है।” देखिये, यह कितना सिध्द था, कहा, “मसीह आयेगा और वह काटा जायेगा, सप्ताह के बीच में बलिदान के लिये और बलिदान कर्तव्य रोक दिया जायेगा।” तब वहां साढे तीन वर्ष और बाकी होंगे, यहुदी के लिये, मसीही शिक्षा के लिये।

216 परमेश्वर यहुदियों और अन्यजाति के साथ एक समय में व्यवहार नही करता। वह इस्राएल के साथ एक राष्ट्र के समान व्यवहार करता है, और अन्यजाति के साथ व्यक्तिगत। उसने अन्यजाति को अपनी दुल्हन के लिये, कभी नही लिया उसने अन्यजातियों में से लोगों को ले लिया। समझे? अब वह इस्राएल के साथ एक राष्ट्र के समान व्यवहार करता है। और अब वह वहां बैठी है, ठीक इस समय, एक राष्ट्र के समान।

217 आज मुझे पॉल का पत्र मिला, पॉल बेयड, और वह मुझे बता रहा था, बोला, “भाई ब्रन्हम यह बात कितनी सच है! कि इन यहुदियों की अब भी अन्यजाति के लिये अजीब भावना है, कोई मतलब नही कि क्या हुआ,” निश्चय ही अनकी होगी। उनकी होनी चाहिये।

218 जब मार्टीन लूथर ने घोषणा की, “सारे यहुदियो को भगा देना चाहिये और उनकी इमारते जला दी क्योंकि वे मसीह विरोधी थे।” समझे? मार्टीन लूथर ने स्वयं यह वक्तव्य लिखित में दिया। अब, हिटलर ने वही पूरा किया जो मार्टीन लूथर ने कहा, मार्टीन लूथर ने यह क्यों कहा? क्योंकि वह एक सुधारक था, ना कि भविष्यद्वक्ता।

219 वह परमेश्वर, “मेरे भविष्यद्वक्ता ने इस्राएल को आशीषित किया, उसने कहा, ‘जो कोई तुझे आशीष दे, आशीषित होगा और जो तुझे शाप दे, शापित होगा।’” कैसे एक भविष्यद्वक्ता खडा हो कर, जो दूसरे भविष्यद्वक्ता ने कहा उसका इन्कार कर सकता है? वह यह नही कर सकता। इसे तो सामंजस्य में होना चाहिये, देखा।

220 परन्तु यही कारण है कि वे वर्ग... देखिये, जर्मनी को मसीही राष्ट्र होना चाहिये, और, वे जिस प्रकार उन्होंने इस्राएल से व्यवहार किया। उन्होंने अब भी कंधे पर छड़ी रखी हुयी है, और आप उन्हे दोषी नही ठहरा सकते। परन्तु याद रखे, यदूदी यहां बैठे चिन्ता ना करे, वह दिन आ रहा है! परमेश्वर उन्हे कभी नही भूल सकता। वे हमारे कारण अंधे किये गये है।

221 आप जानते है, उसने भविष्यद्वक्ता से कहा, वह... भविष्यद्वक्ता चिल्ला उठा, बोला, “क्या तू इस्राएल को भूल जायेगा?”

222 उसने कहा, “नापने की छड़ी ले, और आकाश कितना ऊंचा है? सागर कितना गहरा है? ”

उसने कहा, “मैं इसे नही नाप सकता।”

223 कहा, “मै इस्राएल को कभी नही भूल सकता।” ये उसके लोग है उसके दास।

224 और अन्यजाति, उसकी दुल्हन के लिये थोडे से लिये गये। यह बिल्कुल ठीक है। यही दुल्हन है।

225 अब सही सिध्द सत्तर सप्ताह ठहराये गये है, जैसा कि दानिय्येल ने कहा कि मसीह आयेगा और सप्ताह के बीच मे काटा जायेगा। और यीशु ने साढे तीन वर्ष भविष्यवाणी की। अब इस साढे तीन साल के बीच दानिय्येल के, इसके बीच में वह काटा गया। परन्तु अब अन्तिम भाग पीढाओ का काल है, जहां अन्यजाति कलीसिया है। ओह, यह तो महान है! अब नही... दुल्हन दूल्हे के साथ अन्दर जाती है; तब सहस्त्रशताब्दी के बाद, दुष्टो की राख पर चलती है।

226 मै आपको यहाँ कुछ दिखाऊं, थोडी देर के लिये हम इसे अपने दिमाग में रख ले। आपको जरा दिखाऊं कि क्या कहा गया, बाइबल क्या कहती है। और हम मना नही कर सकते यह परमेश्वर का वचन होने के नाते। यदि हम करते है तो हम नास्तिक है। देखिये, हमें इसका विश्वास करना है। आप कहते है, “मैं यह नही समझता।” ना ही मैं। परन्तु मै प्रतीक्षा कर रहा हूँ, कि, वह इसे प्रगट करे। देखिये।

> *क्योंकि देखो, वह धधकते भट्टे का सा दिन आता है, जब सब अभिमानी* (जैसे अमरीकन और आदी) *हाँ... और सब दुराचारी लोग आनाज कि खूंटी बन जायेगे* (जलने जा रहा है) *और उस आने वाले दिन में वे ऐसे भस्म हो जायेगे कि उनका पता तक ना रहेगा, सेनाओ के यहोवा... का यही वचन है।*

227 तो फिर तुम उसमें अनन्त नरक कैसे पा सकते हो? देखिये, यह अन्तिम दिन है, जब यह चीजे प्रकट की जाने वाली है। बाइबल में कोई जगह नही है कि कहे नरक अनन्त है। इस प्रकार से अनन्त नरक पाने के लिये, आपके पास अनन्त जीवन होना चाहिये कि उसमें बने रहे। अनन्त जीवन का एक ही प्रकार है और वह यह जिसके लिये हम संघर्ष कर रहे है। हर चीज, जिसका आरम्भ है, उसका अन्त है। “नरक, शैतान और

उसके दूतो के लिये रचा गया है," और खर्च हो जायेगा इसके साथ समाप्त हो जायेगा। समझे? "परन्तु जब यह घटित होता है, इसमे जड या डाली नही बचती।"

*परन्तु तुम्हारे लिये जो मेरे नाम का भय मानते हो, धर्म का सूर्य उदय होगा और उसकी किरणो के द्वारा तुम चंगे हो जाओगे... और तुम निकल कर पाले हुये बछडो के समान कूदोगे और फांदोगे।*

*तब तुम दुष्टों कि सब राख को लताड डालोगे; अर्थात मेरे उस ठहराये हुये दिन में वे तुम्हारे पांव के नीचे कि राख बन जायेगे, सेनाओ के यहोवा का यही वचन है।*

228 पीडाओ के बाद दुष्ट कहां जाने वाले है? राख।

*याद रखना... मेरे दास मूसा कि व्यवस्था... अर्थात जो जो विधी और नियम मैने सारे इस्त्राईलियों के लिये उसको होरेब में दिये थे, उनको स्मरण रखो।*

*देखो यहोवा के उस बडे और भयानक दिन के आने से पहले, मैं तुम्हारे पास ऐलिय्याह नबी को भेजूगा:*

229 आमीन! यहां पुराना नियम इस प्रकार बन्द होता है, और यहाँ नया नियम इसी चीज के साथ बन्द होता है। आप इसे कैसे दूर हटा सकते हो? नही सकते। देखिये। "मैं तुम्हारे पास ऐलिय्याह को भेजुगा, उस दिन के आने से पहले।"

*वह माता–पिता के मन को उनके पुत्रों की ओर; और पुत्रों के मन को उनके माता–पिता की ओर करेगा; ऐसा ना हो कि मैं आकर पृथ्वी का सत्यानाश करु।"* (व्हू!)

230 आप यही है। यह प्रभु का वचन है। उसने इसकी प्रतिज्ञा की है। इसे आना चाहिये। और अब यदि आप ध्यान देंगे यह कैसे घटित होता है। यह सुन्दर है। परमेश्वर यह कैसे करता है। दुल्हन चली जाती है और दुल्हे के संग और—और फिर इसके बाद, दुष्ट ना बुझने वाली आग से जल जाते है। और संसार शुध्दीकरण के बाद अपने आप का उत्पन्न करती है। हर चीज को यह करना है, शुध्दीकरण कि अवस्था में से पार होना है।

231 इस अन्त के महान समय में ज्वालामुखी फूट पड़ेंगे, और संसार फट जायेगा और ऊगलेगा और बढता है; और यह सारे पाप के गंदे स्थान और

यह सब जो पृथ्वी पर है कुछ नही में पिघल जायेंगे। यह भयानक ताप से जल जायेगा, कि यह इस प्रकार होगा, जैसे निरंजक उस रंग को स्याही के—के रंग को वापस मूल सृष्टी में भेज देता है। इसी प्रकार परमेश्वर की ओर से आग इतनी गर्म होगी, जो कि हर गंदगी को वापस उसकी पुरानी अवस्था में बदल देगा, जब शैतान और सारे पाप जल गये और हर चीज, और फिर यह सुन्दर हो जायेगा जैसा यह अदन वाटिका में था। ठीक। ओह, यह महान घडी हमारे सामने ही है!

232 पीडाओं के समय काल में। यहां वह है जो मै चाहता हूँ कि आप ध्यान दे, एक छोटी चीज मैने यहां छोड दी। इस पीडा के समय में, दुल्हन के बुला लिये जाने के बाद और कलीसिया पीढा के समय काल से निकलते हुये, एक लाख चवालीस हजार प्रकाशितवाक्य ग्यारह के दो गवाहो के द्वारा बुलाये गये। अब देखिये, वे एक हजार दो सौ साठ दिनों तक टाट ओढे हुये, भविष्यवाणी करेगे।

233 अब हम जानते है कि यह रोमन कलेंडर इसमे अठाईस दिन और कभी तीस, इक्कतीस होते है। परन्तु वास्तविक कलेंडर इसके हर महिने में तीस दिन होते है। ठीक है। एक हजार... दो सौ साठ दिनों को ले और इसे तीस में डाल दे, और देखिये, आपको क्या मिला। बिल्कुल ठीक साढे तीन वर्ष। यही समय है, जो ठहराया गया कि इस्राएल को मसीह के संदेश प्रचारने के लिये, जैसा यह पहले था। जब वह वापस आता है और अपने आप को प्रतीक में प्रकट करता है, जब वह आता है...

234 जब, यूसुफ को दूसरे देश में ले जाया गया और भाईयो के द्वारा छोड दिया गया क्योंकि वह एक आत्मिक पुरुष था। वह दर्शन देख सकता और स्वप्नो का अर्थ बता सकता था और जब उसने किया, उसे देश में ले जाया गया और लगभग चांदी के तीस सिक्को में बेच दिया गया। वह मसीह का ठीक चित्रांकन है, क्योंकि मसीह का आत्मा उसमें था।

235 ध्यान दे, तब क्या हुआ। और ध्यान दे कि जब उसने यह किया, वह जेल में डाल दिया गया और एक मनुष्य बच गया था और दूसरा नष्ट किया गया था। बिल्कुल ठीक यीशु, जब वह जेल में था, क्रूस पर एक चोर बच गया था और दूसरा वाला नष्ट हो गया था, बिल्कुल ठीक।

236 कब्र में डाल दिया गया मरा हुआ मान कर और उठाया गया और फिरौन के दाहिने हाथ पर उठाया गया, कोई भी बिना युसुफ के पहले

मिले फिरौन से नही मिल सकता था, यीशु परमेश्वर के दाहिने हाथ पर बैठता है और कोई मनुष्य पिता के पास नही आ सकता, सिवाये पुत्र के द्वारा। ठीक है।

237 अब ध्यान दे, हर बार युसुफ उठता, जब युसुफ सिंहासन के दाहिने हाथ से उठता। ध्यान दे! महिमा हो! वहाँ यूसुफ फिरोन के दाहिने हाथ पर बैठा है, और जब यूसुफ उठता कि सिंहासन छोडे, तुरही बजती। "हर कोई अपने घुटने झुकाये, यूसुफ आ रहा है!"

238 जब मेम्ना सिंहासन छोडता है, वहां से अपने दिनों के बिचवाई के कार्यो से, जब वहां से वह सिंहासन छोडता और छुटकारे की पुस्तक को लेता है और आगे आता है, हर घुटना झुकेगा। वह वहां है। ध्यान दे।

239 जब युसुफ अपने भाईयों के द्वारा अस्वीकार कर दिया गया, उसे अन्यजाति की पत्नी मिली, पोतीफर ने दी... या फिरौन ने उसे अन्य जाति की पत्नी दी और अन्यजाति बालक उत्पन्न किये, आधे अन्यजाति और यहुदी। उन्होंने एक महान प्रतीक दिया जब याकूब उन्हे आशीष दे रहा था, एप्रेम एक ओर और मनश्शे दूसरी ओर, उसने अपने हाथ बदल दिये और छोटे बालक को आशीष दी। और दो बालक बारह गोत्रों में मिलाये गये, उस समय जबकी दस थे और उसने उन्हे स्वंय याकूब में आशीष दी। और यूसुफ उसका भविष्यद्वक्ता पुत्र वहां खडा था, बोला, "पिता तूने गलत किया," कहा, "तूने अपना दाहिना हाथ आशीष का छोटे बालक पर रख दिया जब की यह बडे वाले पर जाना था।"

240 और उसने कहा, "मैं जानता हूँ कि मेरे हाथ क्रोस (घुमना) हो गये, परन्तु इन्हे परमेश्वर ने क्रोस किया।" क्यों? दुल्हन बनने का अधिकार इस्राएल का था, अस्वीकार किया और अपने जन्म सिध्द अधिकार को बेच दिया और... बडे बेटे से चला गया इस्राएल से उस नये अन्यजाति को। और आशीषे वहां क्रूस पर से अन्यजाति को चली गयी।

241 परन्तु इसके बाद ध्यान दे, इस से होते हुये, जब सब... उसने अपनी दुल्हन ले ली। परन्तु जब लडके अपना भोजन खरीदने आये...

242 ओह, यह ऐसा सुन्दर चित्र है! मैं मोहर से हट गया, परन्तु मुझे यह कहना है, देखिये, क्योंकि आपको अच्छा चित्र मिलेगा, मैं विश्वास करता हूँ। ध्यान दे।

243 अब, जब वे भोजन वस्तू खरीदने को आये, आप जानते है, यूसुफ ने उनको तुरन्त पहचान लिया। और यूसुफ संपन्नता का पुत्र था, कोई मतलब नही जहाँ वह गया, यह सदा सपन्न हुआ।

244 आप प्रतीक्षा करे, जब तक वह पृथ्वी पर फिर आये; प्रतीक्षा करे जब तक हमारा यूसुफ आये! समझे? "रेगिस्तान गुलाब के समान खिलेगा और धार्मिकता का सूर्य चंगाई के पंखो के साथ उदय होगा।" ओह, प्रभु! यह सारे नागफनी जो ऐरीजोना के आस–पास है, सुन्दर वृक्षो में खिल जायेगे, और यह—और यह सुन्दर होगा।

245 ध्यान दे, यहां वह आता है और यह उनके साथ थोडी चालाकी खेलता है। और वह भेजता और कहता है, "क्या मेरा पिता अब भी जीवित है?" समझे? वह जानना चाहता था यदि उस लडके का पिता जीवित था, कहा, "हां।" वह जानता था कि वह उसका भाई था। परन्तु क्या आपने ध्यान दिया, जब वह अपने आप को अपने भाईयों पर प्रकट करने को तैयार हुआ?

246 और उसने छोटे बिनियाबीन को पाया, जो कि उसके चले जाने के बाद जन्मा था। और यह इन यहूदियों को दर्शाता है, यह एक लाख चवालीस हजार जो कि वहां अब उसके चले जाने के बाद जमा हो रहे है। और जब वह लौटा, उसने कहा... उसने बिनियाबीन की ओर देखा; उसका ह्दय टूटने को हो गया।

247 और याद रहे वे... वह... वे नही जानते थे कि वह इब्रानी बोल सकता था। उसने एक दुभाषिया लिया। उसने ऐसा व्यवहार किया, जैसे कि वह एक मिस्त्री है। समझे? और तब जब यह मालूम पडा, वह अपने आप को प्रकट करना चाहता था, वह छोटे बिनियाबीन की ओर देखता रहा। और स्मरण रखे, उसने अपनी पत्नी को भेज दिया, वह महल में थी, जब उसने अपने आप को अपने भाईयों पर प्रकट किया।

248 और अन्यजाति दुल्हन, पत्नी, यीशु को अपने लोगों के द्वारा अस्वीकार किये जाने के बाद, उसने अन्यजाति की दुल्हन ले ली। और वह इसे यहां से महल में ले जायेगा, उसके अपने पिता के घर, महिमा में, विवाह के भोज के लिये। और वापस चुपचाप से नीचे आयेगा और अपने आपको अपने भाईयो पर प्रकट करेगा, एक लाख चवालीस हजार... ? ... उस समय।

249 वहां वह खडा है। और स्मरण रखे, प्रतीक को सिध्दता में देखे। और जब वह वापस आता है, जहां यह था, उसने उन्हे देखा और उसने कहा— उसने कहा... देखने लगा। और वे बाते करने लगे। उन्होंने कहा, “अब रुबेन तुम जानते हो कि हम लोग यहाँ अन्दर इसके लिये है। देखिये। क्योंकि तुम जानते हो कि हमने क्या किया है, हमने इस लडके को इस में फंसा दिया है। अब हमे अपने भाई को बेचना नही चाहिये था।” वहाँ वह उनका भाई खडा हुआ है, वह सामर्थी राजकुमार और उन्हे यह नही मालूम।

250 यही कारण है कि इस्राएल आज उसे नही समझ सकता है। अभी वह घडी नहीं है कि यह जाने।

251 और तब, वह, उन्होंने सोचा कि वह इब्रानी नही समझ सकता, परन्तु वह तो सीधे–सीधे सुन रहा था। उन्होंने कहा, “अब हम इसके लिये ही अन्दर है।” और युसुफ जब उसने उनको देखा, तो वह और अधिक रुक नही सका।

252 अब स्मरण रखे, उसकी पत्नी और बालक उस समय महल में थे। संत चले गये, उस उपस्थिति से।

253 और उसने कहा, “मैं तुम्हारा भाई यूसुफ हूँ।” और उसने दौड कर छोटे बिनियाबीन को अपने गले लगा लिया और रोने लगा। समझे? और उसने अपने आप को प्रकट कर दिया।

254 और तब उन्होंने कहा, “अब हम जान गये यह हम पर आ रहा है, क्योंकि हमने उसे बेचा था। हम ही थे जिन्होने उसे बेचा। हम ही थे जिन्होने उसे मारने का यत्न किया, अब हम जानते है वह हमे मार डालेगा।”

255 उसने कहा, “नही, अपने आप पर क्रोध ना करो, तुमने यह केवल जीवन को बचाने के लिये किया, इसी कारण परमेश्वर ने मुझे यहाँ भेजा है।”

256 और जब उसने अपने आप को प्रकट किया, बाइबल ने कहा... जैसा कि हम इसमे से होते हुये आ रहे है, जब वह अपने आप को इन एक लाख चवालीस हजार पर प्रकट करता है, तो आज का छोटा बिनियाबीन और यहूदियों के जो बचे हुये लोग वहाँ छुट गये, जब वह अपने आपको उन पर प्रकट करता है, तो वे कहेगे, “ये घाव के निशान तुझे कहां से लगे? यह तेरे हाथो में क्या कर रहे है? ”

257 वह कहेगा, “ओह, यह मुझे मित्रों के घर में लगे।” समझे? ओह, तब वे अनुभव करेगे कि उन्होंने मसीहा को मार डाला। परन्तु वह क्या

कहेगा? वैसे ही जैसे यूसुफ ने किया। “तुमने यह जीवन कि सेवा के लिये किया; नहीं... जीवन बचाने को। अपने आप पर क्रोधित मत हो।” क्योंकि, ये अन्यजाति अन्दर नही आ पाते यदि यहूदीयों ने यह नही किया होता कि आंखे बंद करने की चाल। इसलिये, उसने कलीसिया का जीवन बचा लिया, उन बातों के द्वारा जो उन्होंने किया, इस प्रकार आप वही पर है। आज, यही कारण है, वे यह नही समझ सकते; यह समय नही है।

258 ना ही हम इन बातों को समझ सकते थे जब तक की यह समझने का समय नही आता। ओह, प्रभु! प्रकाशितवाक्य के सात गर्जनाए, होने पाये वह वाले उस दुल्हन को दिखा दे कि उस महान रुपान्तरण के विश्वास के लिये कैसे तैयार हो!

259 अब, चलिये जल्दी करे, क्योंकि अब हमारे पास पंद्रह, बीस मिनट भी नही है।

260 अब इस सफेद घोडे का क्या अर्थ है? मैं यह पढ़ू... मैं बहुत अलग चला गया; विषय से हटने के लिये मुझे क्षमा करे। परन्तु, परन्तु मैं पद को फिर से पढ़ूंगा, दो पदो को।

> *फिर मैने देखा कि मेम्ने ने उन सात मोहरो में से एक को खोला; और उन चारो प्राणियों में से एक का गर्जन का सा शब्द सुना “आ”... देख।*
>
> *मैने दृष्टी की और देखो एक श्वेत घोडा है।*

261 अब हम दूसरे पद पर जा रहे है।

> *... एक सफेद घोडा और उसका सवार धनुष लिये हुये है और उसे एक मुकुट दिया गया* (यह तब उसके पास नही था)*... और वह जय करता हुआ निकला कि और भी जय प्राप्त करे।*

262 इसका कुल मिलाकर यही है। यही मोहर है। अब हम प्रतीको को मालूम करे।

263 हमने पाया कि गर्जन का क्या अर्थ है। यह सटीक, हम यह जानते है। देखिये, गर्जन परमेश्वर की आवाज है, जब मोहर खुली।

264 अब, सफेद घोडे का क्या अर्थ है? अब यहां जहाँ प्रकाशन आता है। मैं इस पर ऐसे ही पक्का हूँ, जैसे कि मैं यहां पर खडा हूँ जानते हुये कि यह वचन है।

265 मैने इस पर हर पुस्तक पढी जो मैं पा सकता था, और साथ ही... एक... मैं अन्तिम बार जब मैं यत्न कर रहा था, इसमें होकर जाऊं कि सिखाऊ लगभग तीस वर्षो पहले, मैने पुस्तक ली... किसी ने मुझे बताया था कि एडवेंटिस्ट लोगों को मसीह के दूसरे आगमन पर अधिक प्रकाशन है, बजाये और लोगो के जो उनको मालूम है इसलिये मैने पढने के लिये, उनकी कुछ एक पुस्तके ढूढी। दानिय्येल पर मैने स्मिथ की पुस्तक ली, प्रकाशितवाक्य की। और उसने कहा यह सफेद घोडा जो निकल कर गया सफेद था और यह एक जयवन्त का प्रतीक है और इस जय में... आप में से बहुत से ऐडवेटिस्ट भाई यहां पुस्तक को जानते है और आप में से बहुत से दूसरे भी इसके पढने के द्वारा। और—और दूसरे, मैने दो या तीन पढी, मैने पढी मैं याद नही कर सकता... दो और पुस्तके है, जो मैने पढी और दोनो व्यक्ति सहमत थे कि यह सही था। [भाई ब्रन्हम पुलपीट पर पांच बार टक करते है—सम्पा।] वे अच्छे शिक्षक थे, सब से अच्छे माने जाने वाले अच्छी रोशनी के साथ इसलिये मैने सोचा, “भाई यदि मैं नही जानता हूँ मैं वही कहुंगा जो उन्होंने कहा, उसी प्रकार से सिखाने की कोशिश करूंगा।”

266 उन्होंने इसके बहुत ही अच्छे विस्मयबोधक दिये, जो इसका वास्तविक अर्थ है। और उन्होंने कहा, “अब यहाँ सफेद घोडा है, और एक सफेद घोडा एक शक्ती है, आवेश में लाने वाला।” और कहा, “वह पुरुष जो उस पर बैठा है, वो—वो सफेद घोडा, पवित्र आत्मा था जो आरम्भ के काल में निकला, और परमेश्वर के राज्य के लिये उस युग को जीत लिया। उसके हाथ में धनुष है, जिसका अर्थ, जैसे रोम का प्रेम देवता उसने प्रेम के तीर लोगो के ह्दय पर चलाये, परमेश्वर का प्रेम, और उसने जीत लिया।”

267 अब यह सुनने में अच्छा लगता है, परन्तु यह सत्य नही है। नही श्रीमान। जी हाँ, यह नही था। सफेद का अर्थ धार्मिकता, हम—हम यह अनुभव करते है। सफेद का अर्थ धर्मी शिक्षको ने यह सिखाया यह वह पवित्र आत्मा था, पहले युग को जीत रहा था; परन्तु मेरा प्रकाशन पवित्र आत्मा के द्वारा इस प्रकार नही है।

268 मेरा प्रकाशन पवित्र आत्मा के द्वारा: मसीह और पवित्र आत्मा वही एक व्यक्ति है, केवल एक मित्र रुप। *इसलिये यहां* मसीह है वह मेम्ना। हम जानते है वह मेम्ना था। वह *यहां* खडा था अपने हाथ में एक पुस्तक के

साथ; और *वहां* सफेद घुड सवार जाता है, देखिये, इसलिये यह पवित्र आत्मा नही था।

269 अब यह अन्तिम दिनो के भेदों में से एक है, कैसे वह मसीह तीन व्यक्तियों, एक में हो सकता है। यह तीन अलग लोग नही है, पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा, तीन परमेश्वरो होने के नाते, जैसा कि त्रिएकता वाले हमे बताने का यत्न करते है। यह तीन है, यह एक ही व्यक्ति के तीन प्रकटीकरण है। या आप इसे तीन कार्यस्थल कह सकते है, यदि आप सेवको से बाते कर रहे है, तो आप कार्यस्थल का प्रयोग नही करेगे, क्योंकि मैं इसे सही सोचता हूं, मैं टेप पर हूं। इसलिये मै आपको बताऊंगा निसन्देह मसीह नही कह सकता था, "मैं अपने कार्यस्थल से प्रार्थना करूंगा और वह तुम्हारे पास दूसरा कार्यस्थल भेजेगा।" हम यह जानते है, परन्तु यदि आप इसे स्पष्ट करना चाहते है... तो यह तीन गुण एक ही परमेश्वर के है। समझे? ये तीन परमेश्वर नहीं है। तीन गुण उस एक परमेश्वर के! समझे?

270 और इसलिये मसीह कैसे *वहां* बाहर हो सकता है, सफेद घोडा, जय प्राप्त कर रहा है और *यहाँ* पुस्तक अपने हाथ में लिये खडा है? यद्यपि यह नहीं है। यह मसीह नही है।

271 अब ध्यान दे, पवित्र आत्मा (प्रकाशितवाक्य में) और मसीह यह पवित्र आत्मा मसीह है दूसरे रुप में। ठीक है।

272 ध्यान दे, यह मेम्ना है जिसने पुस्तके खोली और मेम्ना मसीह है। और फिर मसीह और नही दिखाई दिया, उस समय से, परन्तु वह प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में दिखाई दिया 19 वां अध्याय, सफेद घोडे पर आ रहा है।

273 यदि आप इसे पढना चाहेगे तो हम प्रकाशितवाक्य 19:11 निकाले... और बस इसे जल्दी से पढे जब की हमारे... हमारे पास प्रयाप्त समय है, मैं आशा करता हूं, इसलिये ये इसे हमारे लिये थोडा सा अच्छा बना देगा। 19, 19:11 ग्यारवे पद से आरम्भ करके और नीचे की ओर पढे 16 वे पद तक।

> *फिर मैने स्वर्ग को खुला हुआ देखा,... और देखता हूं कि एक श्वेत घोडा है और उस पर एक सवार है* (पृथ्वी पर नही स्वर्ग में) *जो विश्वासयोग्य... और सत्य... कहलाता है और वह धर्म के साथ न्याय और युध्द करता है।*

*उसकी आंखे... आग की ज्वाला है और उसके सिर पर बहुत से राजमुकुट है* (मुकुट को देखे!) *उस पर एक नाम लिखा है जिसे उसको छोड... और कोई नही जानता।*

274 मेरी इच्छा है कि मै इस पर एक मिनट के लिए रुक सकू। [भाई ब्रन्हम पुलपीट पर टक करते और रुकते है।—सम्पा।] ओह, प्रभु! मुझे एक अच्छा विचार मिला है, परन्तु... सम्भव हो सकता है, यदि आप... [सभा कहती है "आगे बढे।"]

275 देखिये, इसे कोई नहीं जानता। क्या कभी आपको मालुम हैं कि "यहोवा" का नाम सही नही है? कोई जानता है, डॉ. वायल आप जानते है कि यह सत्य है, अनुवादक कभी इसका अनुवाद नहीं कर सके इसका अक्षर विन्यास J−U−H−V... J−V−H−U, मेरा मतलब। यह "यहोवा" नही है। वे इसे नहीं छू सके, वे नही जानते कि यह क्या है। इसे "यहोवा" कहा, परन्तु यह उसका नाम नही है।

276 देखिये, हर बार जय हुयी, या कुछ होता रहा, एक नाम बदला गया है।

277 अब्राहम के दिनों के देखिये। पहले वह अब्राम था और उस बालक को कभी ना पा सका जब तक की उसका नाम बदला नहीं गया, अब्राहम में। और सारा S−a−r−r−a कुछ नही हो सका, परन्तु एक मरा हुआ गर्भ जब तक की उसका नाम S−a−r−a−h में नही बदला गया।

278 *याकूब* का अर्थ "चालाक धोखेबाज" और उसने यही किया। उसने अपने ऊपर भेड की खाल लगाई, और अपने पिता भविष्यद्वक्ता को धोखा दे दिया कि जन्म अधिकारो को ले ले। उसने पानी में पहाडी पीतल की छडी डाली, उन्हे चित्तीदार किया पशुओ को जब उनको गर्भ हुआ डरा दिया, उससे उनके बच्चो के साथ... के साथ ताकि चित्तीदार पशु और भेड बनाये। कुछ नही बस एक धोखेबाज!

279 परन्तु एक रात्रि उसने कुछ वास्तविक पकड लिया और वह जान गया कि यह वास्तविक था। और वह उसके साथ रुका रहा और जब तक जीत नही गया पकडे रहा। और उसका नाम बदला गया था और *इस्राएल* कहलाया, जिसका अर्थ "एक राजकुमार सामर्थ के साथ परमेश्वर के सामने।"

280 क्या यह सही है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] हर जीतने वाला!

281 शमौन मछुआरा था। परन्तु जब उसके विश्वास ने पकड लिया और जान गया कि वह यीशु था, जब उसने उसे बताया, वह मसीहा था। और उसे बताया कि उसका क्या नाम था और उसके पिता का क्या नाम था, वह जीत गया था, और शमौन नाम से पतरस में बदल दिया।

282 शाऊल, अच्छा नाम, एक समय शाऊल इस्राएल में राजा था, परन्तु वह एक *शाऊल,* प्रेरित के लिये सही नहीं बैठा। राजा के लिये सही हो सकता था परन्तु प्रेरित के लिये नही, इसलिये यीशु ने उसका नाम बदल दिया (किस से? ) शाऊल से पौलूस।

“गर्जन के पुत्रो” को देखिये, और नीचे जाये।

283 और यीशु पृथ्वी पर, उसका नाम “छुडानेवाला,” यीशु। जब वह पृथ्वी पर था, वह छुडानेवाला था यह सही है। परन्तु जब उसने मृत्यु और नरक पर विजय पा ली, और उन पर विजयी रहा और ऊंचे पर चढ़ गया, उसने एक नया नाम पाया। यही कारण है, कि, आप शोर मचाते है, जिस प्रकार वे करते है और उन्हे कुछ नही मिलता।

284 यह गर्जनों में प्रकट किया जायेगा। ऊ–हूँ। समझे? भेदो पर ध्यान दे। वह सवार हो कर आ रहा है... कुछ होना है कि इस कलीसिया को बदल दे, आप जानते है ये कुछ तो होना है। ध्यान दे, “कोई मनुष्य नहीं जानता, सिवाये उसके।” अब, ध्यान दे, “कोई मनुष्य नहीं जानता, सिवाये उसके।”

*वह लहू छिडका हुआ वस्त्र पहिने है, और उसका नाम परमेश्वर का वचन है।*

ओह, प्रभु! ध्यान दे!

*स्वर्ग कि सेना श्वेत घोडो पर सवार और श्वेत और शुध्द मलमल पहिने हुये उसके पीछे है।*

*जाति जाति को मारने के लिये उसके मुंह से एक चोखी तलवार निकलती है, वह लोहे का राजदण्ड लिये हुये उन पर राज्य करेगा, और सर्वशक्तीमान के भयानक प्रकोप की जलजलाहट की मदिरा के कुंड में दाख रौदेगा।*

*उसके वस्त्र और जांघ पर यह नाम लिखा है, राजाओ का राजा, प्रभुओ का प्रभु।*

285 यहां मसीह आता है। वह *यहां* है; ना कि यह व्यक्ति जो इस घोडे की पीठ पर है। भिन्नता पर ध्यान दे। यहाँ यह अपने हाथ में पुस्तक लिये खडा है, *यहाँ* छुडानेवाला कार्य... उसने अभी तक अपना स्थान नही लिया है। इसलिये यह मसीह नही था, जो आगे बढा, पवित्र आत्मा।

286 उन महान पुरुषो से असहमत नही। नही, श्रीमान, मैं यह नही करता, मैं यह नही करना चाहूँगा, परन्तु यह वह जो—जो इसके लिये मेरा प्रकाशन है। समझे? यदि आपके पास कुछ अलग है, भाई वह ठीक है, परन्तु मेरे साथ यह ठीक नहीं है। आप देखिये, मैं—मैं इस प्रकार से विश्वास करता हूं, देखिये, अब, जो आप जानते है। समझे?

287 और ध्यान दे, मसीह अब और दिखाई नही पडता, उस समय से। परन्तु वह सफेद घोडे पर है। इसलिये, यदि यह व्यक्ति सफेद घोडे पर चढा हुआ है, तो यह केवल मसीह की नकल है। समझे? आप यह समझे? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।]

288 ध्यान दे, सफेद घोडे के सवार के पास कोई नाम नहीं है। वह दो या तीन उपनामों का प्रयोग कर सकता है, देखिये, परन्तु उसके पास कोई नाम नहीं है।

289 परन्तु मसीह के पास नाम है! यह क्या है? परमेश्वर का वचन। यही जो यह है, "आदि में वचन था और वचन परमेश्वर के साथ था और वचन परमेश्वर था और वचन देहधारी हुआ।" समझे? घुडसवार का कोई नाम नहीं है, परन्तु मसीह "परमेश्वर का वचन कहलाता है।" यही जो वह है, वह यही कहलाता है। अब उसके पास एक नाम है, जिसे कोई मनुष्य नहीं जानता; परन्तु "वह परमेश्वर का वचन कहलाता है।"

यह व्यक्ति कुछ नही कहलाता, देखिये, परन्तु वह सफेद घोडे पर है।

290 घुडसवार के पास उसके धनुष के लिये तीर नही है। क्या आपने ध्यान दिया? उसके पास धनुष्य है, परन्तु तीर के विषय में कुछ नहीं कहा गया, इसलिये ये धोखेबाज होना चाहिये। ठीक है। हो सकता है, उसके पास बहुत सारी गर्जन हो और उजियाला ना हो, परन्तु आप पाते है कि मसीह के पास गर्जन और उजियाला दोनो है, क्योंकि उसके मुख से दो धारी तलवार निकलती है और वह जातियो को इस से मार डालता है, यह व्यक्ति नही मार सकता, देखिये, परन्तु एक ढोगी का अभिनय कर रहा

है, वह एक सफेद घोडे पर चढ कर चलता जा रहा है, जय पाने के लिये जा रहा है।

291 मसीह के पास धारदार तलवार है, और ध्यान दे यह उसके मुंह से निकलती है। जीवित वचन, जो कि परमेश्वर का वचन, जो उसके दासों पर प्रकट किया गया। जैसे उसने मूसा से कहा, "जा कर वहाँ खडा हो और सामने इस लाठी को थामे रह, मक्खियों को बुला," और वहाँ मक्खियों थी। निश्चिय ही। जो कुछ भी उसने कहा, इसने वह किया और यह घटित हुआ, उसका जीवित वचन, परमेश्वर और उसका वचन एक ही व्यक्ति है। परमेश्वर वचन है।

292 तो फिर पहली कलीसिया काल का भेद भरा घुडसवार कौन है? यह कौन है? आइये इस पर सोचे, यह भेद भरा घुडसवार कौन है जो कि पहली कलीसिया काल में आरंभ हुआ और सीधा निकलता हुआ, अनन्तता में चला गया, अन्त में चला गया?

293 दूसरी मोहर सामने आती है और चलती हुयी बाहर अन्त में जाती है। तीसरी मोहर आती है, और चलती हुयी बाहर अन्त में चली जाती है, चौथी, पाचवी, छठी, सातवी, उन में से प्रत्येक अन्त में जा कर सिमट गयी। और अन्त के समय में, यह पुस्तके जो लिपटी हुयी थी पिछले सारे समय में, उनमे भेदो के साथ, यह टूट गयी, तब भेद बाहर आते है कि देखे यह क्या है। परन्तु वास्तव में, यह पहली कलीसिया से आरंभ हुआ, क्योंकि कलीसियाओ, पहला कलीसिया काल ने इस प्रकार का सन्देश पाया। [भाई ब्रन्हम तीन बार पुलपीट पर टक करते है।—सम्पा।]

294 "एक सफेद घुडसवार निकल गया।" समझे? यह कौन है? यह अपने जय पाने की सामर्थ में शक्तीशाली है, वह अपने जीतने की शक्ती में महान व्यक्ति है। आप चाहते है कि मैं आपको बताऊ कि यह कौन है? यह मसीह विरोधी है। वह ठीक यही है। क्योंकि आप देखिये यदि एक मसीह विरोधी, यीशु ने कहा कि, "कि दोनो इतनी समानता में होगे यहां तक कि चुने हुओ को भी बहका दे (दुल्हन) यदि यह सम्भव हो।" मसीह विरोधी, यह मसीह विरोधी आत्मा है।

295 स्मरण रखे, कलीसिया युगो में, जब हम वहां पीछे पहला कलीसियायी काल खोलते है, हम पाते है कि पवित्र आत्मा कुछ विशेष बातो के विरोध में था जो उन्होंने उस कलीसिया युग में आरम्भ की और वह "निकुलाईयो

